दिनांक 24 अप्रैल 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लॉकडाउन में भोजन उपलब्ध कराने अग्रवाल समाज सेक्टर 6 का बड़ा योगदान, लॉकडाउन में कोई न रहे भूखा इस उद्देश्य भिलाई निगम के साथ समन्वय बनाकर कर रहे कार्य

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लॉकडाउन की स्थिति में कोई भी भूखा न रहे इस उद्देश्य से निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम द्वारा असहाय लोगों तक भोजन देने का कार्य किया जा रहा है! इसमें सबसे बड़ा सहयोग अग्रवाल समाज सेक्टर 6 का रहा है! प्रतिदिन भोजन पैकेट जरूरतमंदों के हिसाब से तैयार कर रहे हैं! इस विषम परिस्थिति में इनका योगदान अनुकरणीय है, यही नहीं नगर निगम के सहयोग से टीकाकरण मे भी इन्होंने प्रेरित करते हुए लोगों को टीका लगवाने का कार्य किया है! रोज समाज एवं इनके संस्था द्वारा भोजन पैकेट तैयार किया जाता है! प्राप्त पैकेट को भोजन के समय अनुसार सभी जोन क्षेत्रों में वितरण के लिए प्रतिदिन भेजा जा रहा है! संस्था द्वारा समाज के हितार्थ अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में 22 ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है! कुछ ऐसे परिवार हैं जो होम आइसोलेशन के दौरान भोजन तैयार करने में सक्षम नहीं है, ऐसे घरों में दोनों समय का भोजन संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है! इस कार्य में समाज के बंसी अग्रवाल, आशीष गुप्ता, अनिल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, गिरीश बंसल आदि का बहुत बड़ा योगदान है! लॉकडाउन के दिनों से इन्होंने 16800 से अधिक पैकेट तैयार कर भूखे , गरीबों की सहायता की हैं! कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए अन्य कार्यों में भी इनकी संस्था मदद कर रही है! कठिन परिस्थिति में ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से कोरोनावायरस को हराने में मदद मिलती है! निगम प्रशासन ऐसे कर्मवीरों का आभार व्यक्त करता है! इस क्षण में ऐसे ही आगे बढ़कर कार्य करने की आवश्यकता महसूस होती है! यदि इच्छुक व्यक्ति , संस्था, समाजसेवी इसी प्रकार के सेवा भावना के कार्य के इच्छुक हो तो भोजन वितरण के नोडल अधिकारी अजय शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं!